# नोटिस

## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद।

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

**कौन आवेदन दे सकता है?–**

ऐसे व्यक्ति(महिला / पुरूष) जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं एवं बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उसके लिए कार्य करना चाहते हैं। इसमें शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित), सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वयं ऐसा रूची रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझें। पूर्व चयनित पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिवक्ता को छोड़कर) भी पुनः आवेदन दे सकते हैं।

**पारा विधिक स्वयं सेवक का कार्य–**

पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतू का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौंपे।

**पदों की संख्या--**

कुल पदों की संख्या 100 है। चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवों या गाँव के समूह में कार्य लेना है। अतः जहानाबाद एवं अरवल जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जाएगा।

**आरक्षण–**

क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है। परंतु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**शैक्षणिक योग्यता--मैट्रिक**

आवेदक संलग्न विहित प्रपत्र को स्वयं तैयार कर आवेदन पुरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति लगाकर निबंधित डाक अथवा हाथों–हाथ इस प्रकार भेंजे ताकि दिनांक 12.03.2021 को संध्या 4:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय को प्राप्त हो जाए। बाद में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **दिनांक 12.03.2021 तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थी दिनांक 16.03.2021 को अपराह्न 2.00 बजे से दिनांक 17.03.2021 को संध्या 4.00 बजे तक कार्यालय से अपना साक्षात्कार पत्र प्राप्त करें एवं दिनांक 18.03.2021 को 11.00 बजे दिन में साक्षात्कार हेतु व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद परिसर स्थित विधिक सेवा सदन जहानाबाद में उपस्थित रहें।** आवेदकों की संख्या को देखते हुए साक्षात्कार की तिथि बढ़ायी जा सकती है। आवेदन का प्रारूप व्यवहार न्यायालय जहानाबाद के वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/Jehanabad से भी डाउन लोड किया जा सकता है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के सूचना–पट का भी अवलोकण किया जा सकता है।

**मानदेय–**

रूपया 500/–प्रतिदिन।परंतु यह मानदेय उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गाँव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए0डी0आर0 केन्द्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

**सामान्य अनुदेश–**

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. स्वस्थ व चरित्र अच्छा हो।
3. समाज सेवा में रूची रखता हो।
4. किसी राजनीतिक दल से सम्बन्ध न हो।
5. आवेदक किसी आपराधिक मुकदमें में अभियुक्त न रहा हो।

**जहानाबाद जिले में नियुक्तियां हेतु आवेदन भेजने का पता–**

सेवा में,

**सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद। पिन कोड– 804408**

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–** दिनांक 12.03.2021 तक। **साक्षात्कार की तिथि–18.03.2021 समय–11.00बजे दिन में।**

**स्थानः–** व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद परिसर स्थित **विधिक सेवा सदन जहानाबाद।**

**पूर्व में दिनांक 17.01.2019 से 04.02.2019 तक प्राप्त आवेदन के संबंध में–**

दिनांक 04.02.2019 तक कुल 61 पद हेतु आवेदन का माँग किया गया था जिसमें कुल 145 आवेदन प्राप्त हुआ था। वे अभ्यर्थी भी साक्षात्कार में सम्मिलित किये जाएगें। ऐसे अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार पत्र दिनांक 15.03.2021 से दिनांक 16.03.2021 के 12.00 बजे दिन तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।

आवेदन प्रपत्र द्वितीय पृष्ठ पर है।

02-03-2021

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद।

# कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,जहानाबाद।

## आवेदन प्रपत्र

पारा विधिक स्वयं सेवको के चयन हेतू आवेदन पत्र आमंत्रित है
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साइज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

1. आवेदक का नामः– ..................................................................................
2. पिता/पति का नामः– ..................................................................................
3. जन्मतिथिः– .......................................................................... उम्रः–..............वर्ष
4. वर्तमान पताः– ग्राम–..........................................पोस्ट–..........................................थाना–....................
   प्रखण्ड–..........................................जिला–..........................................पिन कोड–...........
5. स्थायी पताः– ग्राम–..........................................पोस्ट–..........................................थाना–....................
   प्रखण्ड–..........................................जिला–..........................................पिन कोड–...........
6. मोबाईल नं0:– ..................................................
7. शैक्षणिक योग्यताः– ..................................................................................................
8. अन्य योग्यता एवं अनुभवः–..................................................................................................
9. आवेदकों की श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग)–
10. आप वर्तमान में या पूर्व में किसी आपराधिक मुकदमें में अभियुक्त हैं या रहे हैं या किसी संस्था से निष्कासित हुए हैं अथवा नहीं ( इस संबंध में एक शपथ–पत्र दाखिल करें ), वर्णन करें–

तिथि–

स्थान–

आवेदक का हस्ताक्षर

---

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार,जहानाबाद।

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

## साक्षात्कार–पत्र

पासपोर्ट साइज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

क्रमांकः–..............................
(कार्यालय उपयोग हेतु)

1. आवेदक का नामः– ..................................................................................
2. पिता/पति का नामः– ..................................................................................
3. जन्म तिथिः– ..................................................................................
4. मोबाईल नं0:– ..................................................................................

(कार्यालय उपयोग हेतु)

**साक्षात्कार की तिथिः–........./03/2021** **समयः– .............**

**स्थानः– व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद परिसर स्थित विधिक सेवा सदन जहानाबाद।**

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद।